General permission to publish and disclose information

# जानकारी प्रकाशित और प्रकट करने की सामान्य अनुमति

प्रिय माता-पिता/देखभालकर्ता

मैं स्कूल/शिक्षा विभाग को अन्य विद्यार्थीओं के साथ अपने अनुभव साझा करने, स्कूल और व्यापक समुदाय को स्कूल और विद्यार्थीओं की गतिविधियों के बारे में सूचित करने और छात्र/छात्रा की उल्लेखनीय परियोजनाओं या सामुदायिक सेवा में भागीदारी रिकॉर्डिंग करने के उद्देश्य से आपके बच्चे/बच्ची के बारे में जानकारी प्रकाशित और/या प्रकट करने की अनुमति देने के लिए आपकी अनुमति माँग रहा/रही हूँ।

इस जानकारी में आपके बच्चे/बच्ची का नाम, आयु, कक्षा और स्कूल में एकत्र की गई जानकारी जैसे तस्वीरें, आपके बच्चे/बच्ची की आवाज और विज़ुअल रिकॉर्डिंग, आपके बच्चे/बच्ची का काम और संवादात्मक (इंटरैक्टिव) मीडिया में राय की अभिव्यक्ति शामिल हो सकती है।

जिन संचारों में आपके बच्चे/बच्ची की जानकारी प्रकाशित या प्रकट की जा सकती है उनमें निम्नलिखित शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- स्कूल की वेबसाइट, शिक्षा विभाग इंट्रानेट (केवल स्टाफ), ब्लॉग और विकी (wikis) सहित शिक्षा विभाग की सार्वजनिक वेबसाइट्स
- स्कूल समाचार पत्र, वार्षिक स्कूल पत्रिका और स्कूल रिपोर्ट, विभाग की वेबसाइट्स सहित प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रकाशित प्रचार सामग्री सहित शिक्षा विभाग के प्रकाशन
- यूट्यूब, फेसबुक और ट्विटर जैसे नेटवर्क पर आधिकारिक विभाग और स्कूल के सोशल मीडिया अकाउंट
- स्थानीय और महानगरीय समाचार पत्र और पत्रिकाएँ और अन्य मीडिया आउटलेट।

माता-पिता को पता होना चाहिए कि जब जानकारी सार्वजनिक वेबसाइट्स और सोशल मीडिया चैनलों पर प्रकाशित की जाती है, तो इसे यदि स्थायी रूप से नहीं, तो कई वर्षों तक ऑनलाइन खोजा जा सकता है। सर्च (खोज) इंजन प्रकाशित जानकारी की प्रतियों को कैश (cache) कर या बनाए रख सकते हैं। प्रकाशित जानकारी को तीसरे पक्ष द्वारा भी जोड़ा जा सकता है।

कृपया अनुमति प्रपत्र पूरा करें और निम्नलिखित तिथि तक विद्यालय लौटें:

Date for return of permission form

## दुभाषिया सहायता

यदि आप अधिक जानकारी चाहते/ती हैं तो कृपया स्कूल से संपर्क करें।

यदि आपको स्कूल से संपर्क करने के लिए दुभाषिया सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया 131450 पर कॉल करें, ऑपरेटर को बताएँ कि आपको कौन सी भाषा की आवश्यकता है और उन्हें स्कूल में फोन करने के लिए कहें। आपकी बातचीत में सहायता के लिए ऑपरेटर आपको फोन लाइन पर एक दुभाषिए से जोड़ेगा। इस सेवा के लिए आपसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

भवदीय/भवदीया

**प्रिंसिपल का नाम** (Name of principal)

**स्कूल का नाम** (Name of school)

## सहमति प्रकाशित करने के लिए माता-पिता/देखभालकर्ता की अनुमति
## Parent/carer permission to publish consent

मैंने इसे प्रकाशित करने की अनुमति पढ़ ली है और:

(नीचे केवल एक बॉक्स निशान पर लगाएँ और दूसरे को खाली छोड़ दें)

☐ मैं स्कूल/शिक्षा विभाग को मेरे बच्चे/बच्ची के बारे में उपरोक्त वर्णित जानकारी प्रकाशित करने की अनुमति देता/ती हूँ, जिसमें सार्वजनिक रूप से सुलभ संचार भी शामिल है।
I give permission to the school/Department of Education to publish information about my child as described above, including in publicly accessible communications.

☐ मैं स्कूल/शिक्षा विभाग को मेरे बच्चे/बच्ची के बारे में उपरोक्त वर्णित जानकारी प्रकाशित करने की अनुमति नहीं देता/ती हूँ, जिसमें सार्वजनिक रूप से सुलभ संचार भी शामिल है।
I do not give permission to the school/Department of Education to publish information about my child as described above, including in publicly accessible communications.

यह हस्ताक्षरित अनुमति तब तक प्रभावी रहेगी जब तक कि मैं स्कूल को अन्यथा सलाह न दूं।

बच्चे/बच्ची का नाम (कृपया लिखें) ______________________________
Name of child

माता-पिता/देखभालकर्ता का नाम (कृपया लिखें) ______________________________
Name of parent/carer

माता-पिता/देखभालकर्ता के हस्ताक्षर ______________________________
Signature of parent/carer

तिथि ____________________
Date